मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-106
01/03/2021

# मुख्यमंत्री ने आई0जी0आई0एम0एस0 में कोरोना टीकाकरण के तीसरे चरण का किया शुभारंभ, मुख्यमंत्री को लगाया गया कोरोना का टीका

पटना, 01 मार्च 2021 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज आई0जी0आई0एम0एस0 में कोरोना टीकाकरण के तीसरे चरण का शुभारंभ किया और खुद भी कोरोना का टीका लगवाया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री मनोज कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आई0जी0आई0एम0एस0 के निदेशक डॉ0 आर0एन0 विश्वास सहित वरीय चिकित्सकगण एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

कोरोना का टीका लगवाने के पश्चात अपने वीडियो संदेश में कहा कि आज कोरोना वायरस के वैक्सीनेशन का पहला डोज आई0जी0आई0एम0एस0 में हमें लेने का अवसर मिला है, इसकी मुझे बहुत खुशी है। चिकित्सा केन्द्रों पर ठीक ढंग से टीकाकरण का काम किया जा रहा है। आई0जी0आई0एम0एस0 से हमारा विशेष लगाव रहा है। पहले चरण के टीकाकरण की शुरुआत आई0जी0आई0एम0एस0 से ही की गयी थी, जिसमें मैं शामिल हुआ था और लोगों से बातचीत भी हुई थी। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों और 60 वर्ष से 45 वर्ष के बीच के वैसे लोगों जो चिह्नित अन्य प्रकार की गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, उनका टीकाकरण कराया जायेगा। पहले इसके लिए 50 वर्ष का उम्र निर्धारित था। केंद्र ने इसके लिये गाइडलाइन जारी किया है। मुझे पूरा भरोसा है कि टीकाकरण सभी लोग करायेंगे। कोरोना से मुक्ति पाना बहुत जरूरी है। कोरोना पूरी दुनिया में फैला हुआ है, अपने देश में कम है। बिहार में खासकर और भी कम है। कोरोना से मुक्ति के लिए जो भी अनुसंधान एवं रिसर्च हुआ है वह अपने देश में ही हुआ है। अपने देश की वैक्सीन को दूसरे देशों में भी भेजा जा रहा है, यह खुशी की बात है। मुझे पूरा भरोसा है कि सभी बिहारवासी इसका लाभ उठाएंगे और टीकाकरण करायेंगे। हम सभी लोगों को कोरोना के प्रति सचेत रहना है, मास्क लगाना है, हाथ को ठीक ढंग से धोते रहना है और दो गज की दूरी मेनटेन करने की कोशिश करनी चाहिये। बिहार में कोरोना के मामले घटे हैं फिर भी लोगों को टीकाकरण कराना चाहिए जिससे लोगों को कोरोना से मुक्ति मिले। तीसरे फेज की आज शुरुआत हुई है जिसमें मुझे भी टीका लगाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि आई0जी0आई0एम0एस0 में ही सभी विधायकों एवं विधान पार्षदों का टीकाकरण किया जाएगा। सभी को टीका लगवाने के बाद तीस मिनट तक चिकित्सकों की निगरानी में रहना है ताकि किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी होने वाली परेशानियों पर नजर रखी जा सके। इसकी विस्तृत रूप से सूचना सभी को दी जायेगी। सुबह नौ बजे से 11 बजे तक और दिन में एक बजे से शाम सात बजे तक विधायकों एवं विधान पार्षदों के टीकाकरण का इंतजाम रहेगा। अन्य लोगों के लिए जिनका

निबंधन हो जाएगा, उनका भी टीकाकरण कराया जाएगा। मुझे प्रसन्नता है कि इसकी शुरुआत हो गयी है।

कोरोना का टीका लगाने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आई0जी0आई0एम0एस0 में कोरोना टीकाकरण के तीसरे चरण का शुभारंभ हुआ है। मुझे इस बार पहला कोरोना का टीका लगवाने का अवसर मिला है, इस बात की मुझे खुशी है। कल चार बजे हमलोगों ने इसकी तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के मंत्री, अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की थी। मुझे पूरा भरोसा है कि जिनलोगों को टीकाकरण कराना है वे जरुर टीका लगवाएंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए गाइडलाइन जारी किया है। हमलोगों ने पहले से ही तय कर दिया है कि बिहार में टीकाकरण फ्री होगा। 50 के करीब जो प्राइवेट हॉस्पीटल चिन्हित किए गए हैं वहां भी मुफ्त टीकाकरण किया जायेगा और इसके लिये राज्य सरकार अपनी तरफ से वहॉ मुफ्त टीके का प्रबंध करायेगी। हमलोगों ने सरकार बनने के बाद ऐलान किया था कि बिहार में टीकाकरण मुफ्त में करवाएंगे। हमलोग चुनाव के पूर्व भी बोलते रहे हैं कि टीकाकरण मुफ्त में हो। सभी जगह टीकाकरण सही ढंग से हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण कराने के बाद 30 मिनट तक डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों की निगरानी में बिठाया जाता है। हम भी टीका लगवाने के बाद बैठे रहे, मुझे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई, हम बिल्कुल ठीक हैं। आज देश में पहला टीका प्रधानमंत्री जी ने सुबह 6 बजे ही लगवाया है। मुझे टीका लगवाने के लिए दिन के 1 बजे का समय निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि विधायकों एवं विधान पार्षदों का टीका लगवाने का इंतजाम पहले विधान मंडल में कराना था लेकिन टीका लगाने के बाद 30 मिनट डॉक्टरों की निगरानी में रहना है इसलिए यह निर्णय लिया गया कि उन सभी लोगों का टीकाकरण भी आई0जी0आई0एम0एस0 में ही कराया जाएगा। इसके लिए सारा इंतजाम कर लिया गया है। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और दिन में 1 बजे से शाम 7 बजे तक विधायकों एवं विधान पार्षदों के टीकाकरण का इंतजाम रहेगा और वे अपनी सहूलियत के अनुसार इन समयों पर अपना टीका लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना टीका का दूसरा डोज जरुर लेना चाहिए। डॉक्टरों ने तय कर दिया है कि टीका का पहला डोज लेने के 28 दिनो के बाद दूसरा डोज लेना है। हमने आज 1 मार्च को टीका लगवाया है, इसका अगला डोज 31 मार्च को फिर लगवायेंगे, यह डॉक्टरों ने तय कर दिया है। उस दिन भी हम यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि नीचे के लेबल पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर पर भी टीकाकरण कराया जाएगा। साथ ही निजी क्षेत्र के 50 अस्पतालों को भी टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन की बधाई स्वीकार करते हुए कहा कि आज ही के दिन हमने टीका लगाया है। हम सभी लोगों से विनम्रतापूर्वक आग्रह करेंगे कि जिन लोगों को टीका लगवाना है वे टीका अवश्य लगवाएं, कोरोना से हमलोगों को छुटकारा पाना है इसके लिए टीकाकरण कराएं।

******